വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്
സമഗ്ര വിദ്യാഭ്യാസ പദ്ധതി

# ഉയരെ

ഉയരാം ആകാശത്തോളം

# ഹിന്ദി

വാർഷിക പദ്ധതി 2022 – 23
വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്


*തയ്യാറാക്കിയത്*
ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസപരിശീലനകേന്ദ്രം,ഡയറ്റ് വയനാട്
സുൽത്താൻ ബത്തേരി

DIET WAYANAD
SULTHAN BATHERY

# വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത് കാര്യാലയം

**സിവിൽ സ്റ്റേഷൻ, കൽപ്പറ്റ നോർത്ത് പി. ഒ., പിൻ - 673 122**

'ISO 9001-2015 അംഗീകൃതം'

E-mail : dpwynd@gmail.com

ഫോൺ : ഓഫീസ് : 04936 - 202490
: 04936 - 202390
മൊബൈൽ : 9567 831 885

**സംഷാദ് മരക്കാർ**
പ്രസിഡണ്ട്

ചോലക്കൽ വീട്
വരദൂർ (പി.ഒ.)


തിയ്യതി : 16-01-2023



പത്താം ക്ലാസിൽ 2022-23 വർഷം പൊതു പരീക്ഷ എഴുതുന്ന വിദ്യാർത്ഥികൾക്കായി ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത് സാധ്യമായ എല്ലാ സഹായങ്ങളും എത്തിക്കാൻ പരിശ്രമിക്കുന്നുണ്ട്. സമഗ്ര വിദ്യാലയ പദ്ധതിയിൽ ഉൾപ്പെടുത്തി 10-ാം ക്ലാസിൽ അധിക പഠനസഹായി **'ഉയരെ'** ഗോത്ര ജ്വാല / വിജയജ്വാല ക്യാമ്പിൽ ഉപയോഗിക്കത്തക്കവിധത്തിൽ പ്രസിദ്ധീകരിക്കുകയാണ്.

ആത്മവിശ്വാസത്തോടെ വിവിധ വിഷയങ്ങളിലെ പഠനാശയങ്ങൾ ഹൃദ്യസ്ഥമാക്കാൻ 'ഉയരെ' സഹായിക്കും. നിങ്ങളുടെ പ്രതീക്ഷകളും സ്വപ്നങ്ങളും പൂവണിയുന്നതിന് പൊതുപരീക്ഷയിലെ വിജയം പ്രധാനമാണ്. അതിനായി സമയബന്ധിതമായി പരിശ്രമിക്കൂ.. ഉയരാം നമുക്ക് ആകാശത്തോളം. നിങ്ങൾക്ക് എന്റെ വിജയാശംസകൾ.

അധിക പഠന സഹായി തയ്യാറാക്കിയ വയനാട് ഡയറ്റിനും ശില്പശാലയിൽ പങ്കെടുത്ത വിദഗ്ധരായ അധ്യാപകർക്കും അനുമോദനങ്ങൾ നേരുന്നു.

വിദ്യാർത്ഥികളുടെ സഹരക്ഷിതാവായി കൂടെ നിന്ന് മുന്നേറാൻ സഹായിക്കുന്ന വയനാട് ജില്ലയിലെ അധ്യാപകർക്ക് അഭിവാദ്യങ്ങൾ .

സ്നേഹപൂർവ്വം

സംഷാദ് മരക്കാർ
പ്രസിഡണ്ട്
വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്

# വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത് കാര്യാലയം

സിവിൽ സ്റ്റേഷൻ, കൽപ്പറ്റ നോർത്ത് പി. ഒ., പിൻ – 673 122


**എം. മുഹമ്മദ് ബഷീർ**

ചെയർമാൻ

ആരോഗ്യവും വിദ്യാഭ്യാസവും

സ്റ്റാന്റിംഗ് കമ്മിറ്റി

ഓഫീസ് : 04936 – 202490

: 04936 – 202390

വീട് : 04936 – 273427

9447276110

മണ്ണാർത്തൊടി വീട്

പടിഞ്ഞാറത്തറ (പി.ഒ.)


തിയ്യതി : 04-01-2023



വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത് വിദ്യാഭ്യാസ മേഖലയിൽ നടപ്പാക്കുന്ന ഗുണമേന്മ പദ്ധതിയായ 'വിജയജ്വാല', 'ഗോത്രജ്വാല' എന്നിവയുടെ ഭാഗമായി എസ്.എസ്.എൽ.സി. പരീക്ഷക്ക് തയ്യാറെടുക്കുന്ന വിദ്യാർത്ഥികൾക്കായി ഒരുക്കിയ അധിക പഠനസഹായി. "ഉയരെ" ഇവിടെ സമർപ്പിക്കുകയാണ്. ഈ യത്നത്തിന് പിന്നിൽ പ്രവർത്തിച്ച വയനാട് ഡയറ്റ് ഫാക്കൽറ്റി ടീം, അധ്യാപകർ എല്ലാവരേയും പ്രത്യേകം അഭിനന്ദിക്കുന്നു.

''ഉയരെ'' എസ്.എസ്.എൽ.സി. പരീക്ഷാർത്ഥികൾക്ക് ഏറെ സഹായകമാകുമെന്ന പ്രതീക്ഷയോടെ, വിജയാശംസകൾ നേരുന്നു....

ആശംസകളോടെ,

എം. മുഹമ്മദ് ബഷീർ

**ഉയരെ**

ഉയരാം ആകാശത്തോളം...

## ഹിന്ദി – ശില്പശാലയിൽ പങ്കെടുത്തവർ

**K. M. Sebastian** (Senior Lecturer, CMDE, DIET Wayanad
Academic coordinator)

**Nazar C.** (HST, G.H.S.S. Vellamunda)

**Resmi V. S.** (HST, G.H.S.S. Kartikulam)

**Joseph Manuel** (HST, G.V.H.S.S. Mananthavady)

Cover Design : **Rajeevan N. T.** (G.H.S.S. Thariod)

# മുഖമൊഴി

ഭാരത സർക്കാർ ദേശീയതലത്തിൽ നടത്തുന്ന നാഷണൽ അച്ചീവ്മെന്റ് സർവ്വേയെ തുടർന്ന് വിവിധ വിഷയങ്ങളിൽ വിജയശതമാനം ഉയർത്തുന്നതിന് സവിശേഷമായ പദ്ധതികൾ തദ്ദേശസ്വയംഭരണ സ്ഥാപനങ്ങളുടെ സജീവ പിന്തുണയോടെ വിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പ് സ്കൂളുകളിൽ നടപ്പാക്കിവരുന്നുണ്ട്. ഈ പശ്ചാത്തലത്തിലാണ് ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസ പരിശീലന കേന്ദ്രം (ഡയറ്റ്) വയനാട് **'ഉയരെ'** എന്ന പേരിൽ പത്താം ക്ലാസിൽ അധിക പഠനസഹായി തയ്യാറാക്കിയിരിക്കുന്നത്.

ഈ വർഷം പത്താംതരത്തിൽ പഠിക്കുന്ന കുട്ടികൾക്ക് ഗോത്രജ്വാല, വിജയജ്വാല ക്യാമ്പിൽ ഉപയോഗിക്കുവാനും ദൈനംദിന ക്ലാസ്റൂം പഠനത്തിൽ ലഭിച്ച ആശയങ്ങളും ധാരണകളും ബലപ്പെടുത്തുവാനും ഈ പഠനസഹായി ഉപയോഗപ്പെടുത്താം.

സമസംഘ (Peer Group) പഠന തന്ത്രങ്ങളും സഹവർത്തിത്വ (Collabrative) പഠനതന്ത്രങ്ങളും പ്രയോജനപ്പെടുത്തി സ്വയം പഠനത്തിന് മാർഗ്ഗ നിർദ്ദേശം നൽകുന്ന രീതിയിലാണ് **'ഉയരെ'** തയ്യാറാക്കിയിരിക്കുന്നത്.

വിദഗ്ധരായ അധ്യാപകരുടെ സഹായത്തോടെ തയ്യാറാക്കിയ ഈ പഠന പരിപോഷണ പദ്ധതിയിൽ എല്ലാ പാഠഭാഗങ്ങളും ഉൾപ്പെടുത്തിയിട്ടുണ്ട്. ചിത്രങ്ങൾ, ആശയ ഭൂപടങ്ങൾ, പട്ടികകൾ, സൂത്രവാക്യങ്ങൾ, വിവിധ വ്യവഹാര രൂപങ്ങൾ, ചോദ്യ മാതൃകകൾ എന്നിവ ചേർത്തിട്ടുണ്ട്. വയനാട് ഡയറ്റ് മുമ്പ് തയ്യാറാക്കിയ എക്സലൻസും മറ്റ് ഡയറ്റുകൾ തയ്യാറാക്കിയ പഠന പരിപോഷണ പരിപാടിയും സംസ്ഥാന വിദ്യാഭ്യാസ പരിശീലന ഗവേഷണ കേന്ദ്രം തയ്യാറാക്കിയ പഠന സാമഗ്രികളും ഉപയോഗപ്പെടുത്തിയാണ് **'ഉയരെ 2023'** തയ്യാറാക്കിയിട്ടുള്ളത്.

**'ഉയരെ'** തയ്യാറാക്കാൻ സഹായിച്ച എല്ലാവരേയും നന്ദിയോടെ സ്മരിക്കുന്നു. വിദ്യാർത്ഥികൾക്കായി വയനാട് ഡയറ്റ് തയ്യാറാക്കിയ ഈ പഠന പരിപോഷണ പരിപാടി നന്നായി ഉപയോഗപ്പെടുത്താൻ സാധിക്കട്ടെ.

കോ-ഓർഡിനേറ്റർ,
**സെബാസ്റ്റ്യൻ കെ. എം.**
സീനിയർ ലക്ചറർ, ഡയറ്റ് വയനാട്

പ്രിൻസിപ്പാൾ,
**ഡോ. ടി. കെ. അബ്ബാസ് അലി**
ഡയറ്റ് വയനാട്

## ആശംസകൾ......

പൊതുപരീക്ഷയെഴുതാൻ തയ്യാറെടുക്കുന്ന പത്താംതരം കുട്ടികൾക്ക് കൈത്താങ്ങായി പഠനപ്രവർത്തന സഹായി **'ഉയരെ'** ജില്ലാ പഞ്ചായത്തിന്റെ സഹായത്തോടെ വയനാട് ഡയറ്റ് തയ്യാറാക്കിയിരിക്കുകയാണ്. ഈ പഠനസഹായി കൃത്യമായി പ്രയോജനപ്പെടുത്തുവാൻ എല്ലാ കുട്ടികളും ശ്രദ്ധിക്കണം. വിദ്യാഭ്യാസ മേഖലയിൽ വയനാട് ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത് കാണിക്കുന്ന കരുതലും പിന്തുണയും ഏറെ ശ്രദ്ധേയവും അഭിനന്ദനാർഹവുമാണ്. തദ്ദേശസ്വയംഭരണ സ്ഥാപനങ്ങളുടെയും അധ്യാപകരുടെയും രക്ഷിതാക്കളുടെയും വിദ്യാർത്ഥികളുടെയും കൂട്ടായ്മയിൽ വിദ്യാഭ്യാസ മേഖലയിൽ മികച്ച നേട്ടം കൈവരിക്കാൻ കഴിയുമാറാകട്ടെ എന്ന് ആശംസിക്കുന്നു.

**കെ. ശശിപ്രഭ**
വിദ്യാഭ്യാസ ഉപഡയറക്ടർ, വയനാട്

---

പത്താം ക്ലാസ്സിലെ പൊതു പരീക്ഷ എഴുതുന്ന കുട്ടികൾക്കായി വയനാട് ഡയറ്റ് തയ്യാറാക്കിയ **'ഉയരെ'** കാലത്തിനൊപ്പം, ആകാശത്തോളം ഉയരാൻ വയനാട് ജില്ലയിലെ എസ്.എസ്.എൽ.സി. വിദ്യാർത്ഥികളെ സഹായിക്കും. **'ഉയരെ'** പഠന പരിപോഷണ പരിപാടിക്ക് ആശംസകൾ നേരുന്നു.

**അനിൽകുമാർ വി.**
ജില്ലാ പ്രോജക്ട് കോ-ഓർഡിനേറ്റർ
സമഗ്ര ശിക്ഷ വയനാട്

## ആശംസകൾ......

പൊതുപരീക്ഷയെഴുതുന്ന ജില്ലയിലെ 10-ാം ക്ലാസ്സ് വിദ്യാർത്ഥികൾക്കായി വയനാട് ഡയറ്റിന്റെ നേതൃത്വത്തിൽ **'ഉയരെ'** പഠന പരിപോഷണ പദ്ധതി തയ്യാറാക്കി നൽകുന്നത് വളരെ പ്രയോജനപ്രദമാകും. പരിചയസമ്പന്നരായ അധ്യാപകരുടെ നേതൃത്വത്തിൽ തയ്യാറാക്കിയ ലളിതമായ ഈ പഠനസഹായി എല്ലാ വിഭാഗം വിദ്യാർത്ഥികൾക്കും ഉപയോഗപ്രദമാകട്ടെ.

ഈ സദുദ്യമത്തിന് ആശംസകൾ

**വിൽസൺ തോമസ്**
കോ-ഓർഡിനേറ്റർ
വിദ്യാകിരണം മിഷൻ

---

പത്താം ക്ലാസ്സിലെ പൊതു പരീക്ഷക്ക് തയ്യാറെടുക്കുന്ന വിദ്യാർത്ഥികൾക്ക് ആത്മവിശ്വാസത്തോടെ പരീക്ഷയെ നേരിടാൻ ഈ പഠനസഹായി തീർച്ചയായും ഉപകരിക്കും. ഇതിലെ ചിത്രങ്ങളും ആശയ ഭൂപടങ്ങളും മറ്റ് പഠന സങ്കേതങ്ങളും കൃത്യമായി ഉപയോഗപ്പെടുത്തുന്നതിലൂടെ മികച്ച ആശയ ധാരണ കൈവരിക്കാൻ കുട്ടികളെ സഹായിക്കും. വിദ്യാർത്ഥികൾക്ക് എല്ലാ ആശംസകളും നേരുന്നു. ഇതിന് പിന്നിൽ പ്രവർത്തിച്ച എല്ലാ അധ്യാപകസുഹൃത്തുക്കൾക്കും അഭിനന്ദനങ്ങൾ.

**ബാലഗംഗാധരൻ വി. കെ.**
ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസ ഓഫീസർ, വയനാട്

# बीरबहूटी

**1. बीरबहूटी कहानी के मुख्य पात्र कौन-कौन हैं?**

साहिल और बेला।

**2. यहाँ किस मौसम का चित्रण हुआ है?**

बरसात के मौसम का चित्रण।

**3. बेला और साहिल स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकलते थे। क्यों?**

बीरबहूटियों से मिलने केलिए।

**4. बीरबहूटियों की विशेषताएँ क्या-क्या हैं?**

सुर्ख, मुलायम, गदबदी, चलती-फिरती खून की प्यारी-प्यारी बूँदें जैसी।

**5. बेला और साहिल बीरबहूटियों को कैसे खोजते थे?**

एक दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बिलकुल सटकर, बारिश की गंध भरी ज़मीन पर बैठकर वे बीरबहूटियों को खोजते थे।

**6. पैन में स्याही भरवाने केलिए कितने पैसे देते थे?**

पाँच पैसे।

**7. बेला और साहिल क्यों दुकान पहुँचे?**

पैन में स्याही भरवाने केलिए

**8. दुकान पहुँचने के पहले साहिल ने क्या किया?**

पैन में बची हुई स्याही ज़मीन पर छिड़क दी।

**9. "बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए।" दुकानदार ने ऐसा क्यों कहा?**

साहिल ने स्याही भरवाने से पहले, पैन में बची हुई कुछ स्याही को ज़मीन पर छिड़क दिया। लेकिन दुकान में स्याही खतम हो गई थी। तो दुकानदार ने ऐसा कहा। आकाश में दिखाई देनेवाले सभी बादल बरसते नहीं। पानी बरसने के पहले घड़े का पानी नहीं ढुलाना चाहिए। अंदाज़ा लेकर काम करना ठीक नहीं है।

**10. साहिल और बेला की दोस्ती पर टिप्पणी लिखें।**

***सूचनाः***

- पाँचवीं कक्षा में पढ़ना
- क्लास में पास-पास बैठना
- हर काम एक साथ करना

**11. बच्चे उनसे काँपते थे। किनसे?**

गणित के माटसाब सुरेंदर जी से।

**12. सुरेंदर माटसाब कक्षा में कैसे व्यवहार करते थे?**

वे पीरियड़ में कॉपी जाँचते थे। ज़रा सी गलती पर बच्चों को इधर उधर फेंक देते थे या झापड़ मारते थे। बच्चे उनकी सज़ा से डरते थे।

**13. माटसाब के व्यवहार से क्या आप सहमत हैं? क्यों?**

सहमत नहीं। छोटी सी गलती पर बच्चों को इस प्रकार की सज़ा देना ठीक नहीं। यह बच्चों के अधिकार के खिलाफ़ है।

**14. बेला का मन खराब क्यों हो गया?**

एक दिन सुरेंदर माटसाब ने गलती से बेला के बालों में पंजा फँसाया। बेला की कोई गलती नहीं थी। वह डर से काँप रही थी। साहिल के सामने ये सब हो रहे थे। इसलिए बेला खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी।

**15. बेला साहिल से नज़र नहीं मिला पाई। क्यों?**

बेला खुद को साहिल के सामने अच्छी दिखाना चाहती थी। लेकिन साहिल के सामने माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया। वह स्वयं को शर्मिंदा महमूस करने लगी थी। इसलिए साहिल से नज़र नहीं मिला पाई।

16. **बेला का मन बहुत खराब हो गया। सच में उसने कोई गलती नहीं की थी। घर जाकर वह अपना अनुभव डायरी में लिखती है। बेला की संभावित डायरी लिखें।**

| तारीख |
|---|
| आज मेरे लिए अच्छा दिन नहीं। ऐसा एक दिन ज़िंदगी में कभी नहीं हुआ। साहिल के सामने यह अपमान ! सोच भी नहीं सकती। स्कूल में गणित का पीरियड था। क्लास में आते ही माटसाब कॉपी जाँचने लगे। कॉपी जाँचते वक्त मास्टरजी की नज़र मुझपर पड़ी। मैंने तो कॉपी लिखी थी। फिर भी....। बिना कुछ कहे मास्टर जी ने मेरा बाल पकडकर फेंका। सब बच्चों की नज़र मुझपर पड़ी। मेरे भयभीत चेहरे को देखकर साहिल बुरी तरह डर गया था। मैंने उसकी ओर देखा ही नहीं। कुछ समय के बाद मास्टर जी ने कॉपी मेरे बैठने की जगह पर फेंकी और मुझसे बैठने को कहा। मुझे अब भी पता नहीं कि मेरी गलती क्या थी ? ऐसा अनुभव जीवन में कभी नहीं हुआ है। यादें मन से दूर होती ही नहीं। एक दुर्दिन की समाप्ति। |

□□□कहानी के आधार पर सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| बच्चे सुरेंदर मास्टर साहब से डरते थे | साहिल बुरी तरह डर गया। |
| एक दिन सुरेंदर मास्टर साहब ने | क्योंकि साहिल के सामने उसे पीट मिला। |
| बेला का भयभीत चेहरा देखकर | क्योंकि वे ज़रा सी गलती पर बच्चों को फेंक देते और मारने लगते। |
| बेला का मन बहुत खराब हो गया | बेला के बालों में पंजा फँसाया। |

उत्तरः

| | |
|---|---|
| बच्चे सुरेंदर मास्टर साहब से डरते थे | क्योंकि वे ज़रा सी गलती पर बच्चों को फेंक देते और मारने लगते। |
| एक दिन सुरेंदर मास्टर साहब ने | बेला के बालों में पंज़ा फँसाया। |
| बेला का भयभीत चेहरा देखकर | साहिल बुरी तरह ड़र गया। |
| बेला का मन बहुत खराब हो गया | क्योंकि साहिल के सामने उसे पीट मिला। |

**18. घर जाकर बेला अपनी माँ से इस घटना के संबंध में सब कुछ बताती है। माँ और बेला की बातचीत तैयार करें।**

उत्तरः

| | | |
|---|---|---|
| माँ | : | अरी बेला, चुप क्यों हो? |
| बेला | : | कुछ नहीं माँ। |
| माँ | : | बताओ न क्या हुआ? |
| बेला | : | कक्षा में मुझे पीटा। |
| माँ | : | क्यों? किसने पीटा? |
| बेला | : | गणित के अध्यापक सुरेंदर माटसाब ने। कोई गलती ही नहीं थी। |
| माँ | : | फिर क्यों? |
| बेला | : | पता नहीं माँ। उन्होंने कॉपी को मेरे बैठने की जगह पर फेंका। |
| माँ | : | अरी बेटी, रो मत। |
| बेला | : | मुझे अब भी पता नहीं कि मेरी गलती क्या थी? सब साहिल के सामने। |
| माँ | : | फिक्र मत कर बेटी, मैं उनसे बात करूँगी। |

**19. बेला के सिर पर सफेद पट्टी क्यों बाँधी थी?**

बेला छत से गिर कर घायल हो गई थी।

**20. साहिल को सरकारी अस्पताल में पट्टी बंधवाने क्यों ले जाया गया?**

उसकी पिंडली में कील लगने से एक इंच गहरा गड्ढा हो गया था।

**21. 'आज आखिरी बार वे एक दूसरे की कोई चीज़ को छूकर देख रहे थे ।' ऐसा क्यों कहा गया है?**

पाँचवीं का रिज़ल्ट आ गया। दोनों अलग-अलग जगहों मे पढ़ने जा रहे हैं। बेला राजकीय कन्या पाठशाला में और साहिल अजमेर के हॉस्टल में। बाद में उन्हें एकसाथ पढ़ने का अवसर नहीं मिलेगा।

**22. 'बारिश से पहले की बारिश' -इसका क्या मतलब है?**

बेला और साहिल के दुःख भरे आँसू बरसात के समान बरस रहे हैं।

**23. उचित परसर्ग का प्रयोग कर के रिक्त स्थान भरिए-**

साहिल ..... पिंडली में लग गई। (का, के, की)

बेला .....मन खराब हो गया । (का, के, की )

एक ....... सिर पर पट्टी बंधी थी। (के, का, की)

यह बारिशों से पहले .... बारिश का एक दिन था। (का, की, के)

दीपावली ..... छुट्टियों के बाद वे आये। (की, के, का)

**24. कहानी के इस प्रसंग के अनुसार पटकथा का एक दृश्य लिखें।**

उत्तरः

दृश्य - 1

स्थान : फुलेरा कस्बे की एक गली

समय : सुबह ग्यारह बजे

पात्र : बेला, ग्यारह साल की लड़की, स्कूल यूनीफ़ार्म पहनी है।

साहिल, ग्यारह साल का लड़का, स्कूल यूनीफ़ार्म पहना है।

(बेला और साहिल गली की सड़क के किनारे खड़े हैं। दोनों के हाथों में रिपोर्ट कार्ड हैं।)

बेला : अरे साहिल, अब तुम कहाँ पढ़ोगे ?

साहिल : अजमेर में, और तुम ?

बेला : राजकीय कन्या पाठशाला में।

साहिल : अरे बेला ज़रा तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड़ दिखाना।

(दोनों रिपोर्ट कार्ड़ एक दूसरे को दिखाते हैं।)

बेला : अरे तुम्हें अजमेर क्यों भेजते?

साहिल : पता नहीं। वहाँ एक हॉस्टल है।

(बेला की आँखों से आँसू आती है।)

बेला : तो आगे तुम फुलेरा में नहीं रहोगे न?

साहिल : नहीं। अरे तू रोती क्यों?

(साहिल की आँखें लाल हो जाती हैं।)

बेला : कुछ नहीं। साहिल, अरे तू भी रोता है न?

साहिल : नहीं तो?

(बेला साहिल को चिढ़ाती है।)

बेला : रोनी सूरत साहिल, रोनी सूरत साहिल।

साहिल : अरे, अपना ख्याल रखना। वर्षा की संभावना है।

बेला : हाँ, तो घर चलें।

साहिल : हाँ चलें।

(दोनों अलग-अलग दिशाओं में चले जाते हैं।)

25. **साहिल** के स्थान पर **बेला** का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे?

(क) बेला .............................।

उत्तर :

बेला अब तुम कहाँ पढ़ोगी ?

26. **कोष्ठक के शब्दों से वाक्य पिरमिड़ की पूर्ति करें।**

(बीरबहूटियों के रंग के, लाल)

उसके भूरे बाल बंधे थे।

उसके भूरे बाल रिबन से बंधे थे।

..........................................

............................................

उत्तर :

उसके भूरे बाल बंधे थे।

उसके भूरे बाल रिबन से बंधे थे।

उसके भूरे बाल लाल रिबन से बंधे थे।

उसके भूरे बाल बीरबहूटियों के रंग के लाल रिबन से बंधे थे।

27. **बीरबहूटी** कहानी के आधार पर **बेला** की चार विशेषताएँ चुनकर लिखें।

- बालों में लाल रिबन बाँधती है।
- साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है।
- सिर पर सफ़ेद पट्टी बँधी है।
- पिंड़ली में पट्टी बँधी है।
- सुरेंदर माटसाब से डरती है।
- नीम के पेड़ से गिरी है।

28. **बीरबहूटी** कहानी के आधार पर **सुरेंदर माटसाब** की चार विशेषताएँ चुनकर लिखें।

- गणित सिखाता है।
- बच्चों से प्यार करता है।
- छोटी-सी गलती पर सजा देता है।
- कॉपी जाँचता है।
- कठोर स्वभाववाला है।
- बच्चों का प्यारा है।

29. **बीरबहूटी** कहानी के आधार पर **साहिल** की चार विशेषताएँ चुनकर लिखें।

- छठीं में हॉस्टल में पढ़नेवाला है।
- सिर पर सफेद पट्टी बँधा है।
- सुरेंदर माटसाब से डरता है।
- पिंड़ली में पट्टी बँधा है।
- बेला का दिली दोस्त है।
- छत से गिरा है।

30.उन दिनों पैन में पाँच पैसे में नीली स्याही भरी जाती थी।

यहाँ **विशेषण** शब्द कौन-सा है?

उ:नीली

| **वाक्यांश** | **विशेषण** |
|---|---|
| पीले फूल | पीले |
| सफ़ेद पट्टी | सफ़ेद |
| भूरे बाल | भूरे |
| मीठी घंटी | मीठी |
| लाल रिबन | लाल |

**31. सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है। | बेला |
| एक पैन स्याही भर दो। | दुकानदार |
| स्याही की बोतल अभी-अभी खाली हो गई है। | साहिल |

**उ:**

| | |
|---|---|
| मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है। | साहिल |
| एक पैन स्याही भर दो। | बेला |
| स्याही की बोतल अभी-अभी खाली हो गई है। | दुकानदार |

# हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था।

*(टिप्पणी - नरेश सक्सेना)*

**1. कवि का नाम क्या है?**

उत्तरः विनोदकुमार शुक्ल

**2. उनकी कविता की क्या-क्या विशेषताएँ हैं?**

उत्तरः मौलिकता और भाषा की अनगढ़ता

**3. यह कविता किसकी याद दिलाती है ?**

उ. यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह जानने की याद दिलाती है।

**4. हमें किन किन व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए?**

उ. हमें हताश, असहाय और संकट में पड़े व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए।

**5. इस कविता में कौन से शब्द पर बल दिया है?**

उ. जानना

**6. कविता का संदेश क्या है?**

उ. दो मनुष्यों के बीच मानवीय संवेदना होनी चाहिए। अर्थात्, किसीको जानते समय पहले उसके मनोभावों को जानना है।

7. **जानना** शब्द के लेखक की व्याख्या से आप कहाँ तक सहमत हैं?

उत्तर : जानना शब्द के लेखक की व्याख्या बिलकुल सही है। सच में एक व्यक्ति को जानने का मतलब उसकी भौतिक जानकारी को जानना नहीं, बल्कि उसकी निराशा, असहायता और उसकी माँग को जानना है। तब तो जानने का अर्थ पूर्ण हो जाता है।

8.

| जानने के रूढ़िग्रस्त आधार | जानने के असली आधार |
|---|---|
| जाति से जानना | असहायता को जानना |
| ओहदे से जानना | हालत को जानना |
| रंग से जानना | निराशा को जानना |

9. **सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| घायल पड़े व्यक्ति को | कि घायल व्यक्ति मुसीबत में है। |
| हम जानते हैं | सहायता की ज़रूरत है। |
| किसी व्यक्ति को जानने का मतलब | हमारा कर्तव्य है। |
| हताश व्यक्तियों की सहायता करना | उसकी हताशा, निराशा और संकट को जानना है। |

उत्तर

| | |
|---|---|
| घायल पडे व्यक्ति को | सहायता की ज़रूरत है। |
| हम जानते हैं | कि घायल व्यक्ति मुसीबत में है। |
| किसी व्यक्ति को जानने का मतलब | उसकी हताशा, निराशा और संकट को जानना है। |
| हताश व्यक्तियों की सहायता करना | हमारा कर्तव्य है। |

10. **मान ले, सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल पड़ा। किसीने उसकी सहायता नहीं की। बहुत समय तक वह सड़क पर ही पडा रहा। इस घटना पर एक 'रपट' लिखें।**

**सड़क दुर्घटना: व्यक्ति की जान खतरे में**

दिल्ली : कल दोपहर को दिल्ली शहर में हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हुआ। घायल व्यक्ति बहुत समय तक सड़क पर ही पड़ा रहा। किसीने उसकी सहायता नहीं की। शहर के पुलिस अफ़सरों ने घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाया। व्यक्ति की जान अब भी खतरे में हैं। दर्शकों का कहना है कि व्यक्ति को घायल देखकर गाड़ी का ड्राईवर अपनी गाड़ी से उतरकर भाग गया। गाड़ी तेज़ रफ़तार की थी। पुलीस उसकी तलाश करने लगे हैं।

11. **हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था** कविता के आधार पर **चार** सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- कवि व्यक्ति को जानता था।
- सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति को मदद की ज़रूरत है।
- कवि हताश व्यक्ति को नहीं जानता था।
- एक व्यक्ति की हताशा और निराशा को जानना अनिवार्य है।
- दो मनुष्यों के बीच मनुष्यता होना ज़रूरी है।
- हताश व्यक्ति अकेले चला।

# पाठ - टूटा पहिया

**(कविता, कवि: धर्मवीर भारती)**

**1. टूटा पहिया किसका प्रतीक है?**

**उ.** लघु मानव का

**2. 'अकेली निहत्थी आवाज़' किसका विशेषण है?**

**उ.** अभिमन्यु का (अन्याय के विरुद्ध लड़नेवाले का)

*मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ*
*लेकिन मुझे फेंको मत*
*इतिहासों की सामूहिक गति*
*सहसा झूठी पड़ जाने पर*
*क्या जाने*
*सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय लें!*

**3. इन पंक्तियों से कवि क्या कहना चाहते हैं?**

**उ.** कुरुक्षेत्र युद्ध में निरायुध अभिमन्यु को अंत में टूटे पहिए का सहारा लेना पड़ा। इस प्रकार आज भी अधर्म के विरुद्ध लड़ते समय तुच्छ मानव ही सहारा बन जाएगा।

**4. सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| मैं रथ का टूटा हुआ पहिया | दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए। |
| इतिहासों की गति झूठी पड़ने पर | ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ। |
| अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ | सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले। |

उ.

| | |
|---|---|
| मैं रथ का टूटा हुआ पहिया | ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ। |
| इतिहासों की गति झूठी पड़ने पर | सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले। |
| अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ | दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए। |

**5. कविता में 'मैं' का प्रयोग किस केलिए किया है?**

**उ.** टूटे पहिए के लिए

**6. हमें किसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए ?**

**उ.** लघु मानव की/तुच्छ एवं निस्सार चीज़ों की

**7. 'मुझे फेंको मत' - किसको ?**

**उ.** टूटे पहिए को

**8. दुस्साहसी कौन है ?**

**उ.** अभिमन्यु

**9. युद्ध में निरायुध अभिमन्यु को अचानक किसकी सहायता मिली ?**

**उ.** टूटे पहिए की

**10. इस कविता का संदेश क्या है?**

**उ.** संसार में प्रत्येक व्यक्ति का अपना महत्व है। किसी को तुच्छ न समझना है।

11. सूचनाओं के आधार पर **टूटा पहिया** कविता का आशय लिखें।

- लघुमानव की प्रतिष्ठा
- आत्मकथात्मक शैली
- ऐतिहासिक कविता

## टूटा पहिया (धर्मवीर भारती) *(कविता पर टिप्पणी)*

'टूटा पहिया' नामक कविता हिंदी के मशहूर साहित्यकार श्री धर्मवीर भारती की रचना है।

टूटा पहिया लघु मानव का प्रतीक है। यह इतिहास का चक्र है। यह कविता आत्मकथात्मक शैली में है। समाज से टूटे पहिए की प्रार्थना है कि मुझे निस्सार या बेकार समझकर मत छोड़ो।

"मैं रथ का टूटा हूआ पहिया हूँ।

लेकिन मुझे फेंको मत" - ये इस कविता की मुख्य पंक्तियाँ हैं। अभिमन्यु वीर, शूर, पराक्रमी व्यक्ति है और बड़े मानव का प्रतीक है। लेकिन बोधबालक नहीं, दुस्साहसी है। सब के कहने पर अनसुना कर दिया। उसने चक्रव्यूह में अकेले ही प्रवेश किया। सब शस्त्रास्त्र नष्ट होने पर टूटे पहिए से शत्रुओं का सामना किया।

महाभारत के इस प्रसंग की याद दिलाते हुए कवि कहते हैं कि इस प्रकार की अधार्मिक घटना आज भी संभव है। इतिहास की गति सामूहिक है। अतः संदर्भ आने पर सत्य का पक्ष टूटे हुए पहिए का भी सहारा लेने केलिए विवश हो जाता है। इसलिए उसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

धर्मवीर की इस कविता में टूटा पहिया उपेक्षित सामान्य मानव का प्रतीक है।

12. "मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ ।" यहाँ **विशेषण** शब्द कौन-सा है?

उ:टूटा

| **वाक्यांश** | **विशेषण** |
|---|---|
| दुस्साहसी अभिमन्यु | दुस्साहसी |
| दुरूह चक्रव्यूह | दुरूह |
| निहत्थी आवाज़ | निहत्थी |

13.**टूटा पहिया** कविता के आधार पर **चार** सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- टूटा पहिया लघुमानव का प्रतीक है।
- टूटा पहिया ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता है।
- महारथियों का पक्ष सत्य का था।
- अभिमन्यु की आवाज़ अकेली नहीं थी।
- महीरथी अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचलते हैं।
- टूटे पहिए को फेंकना नहीं चाहिए।

# आई एम कलाम के बहाने

*(फ़िल्मी लेख-मिहिर)*

1. "आई एम कलाम के बहाने" - किसकी रचना है?

मिहिर की

2. "आई एम कलाम के बहाने" - किस विधा में आती है?

फ़िल्मी लेख

3. प्रस्तुत अंश के मुख्य पात्र कौन- कौन हैं?

मिहिर और मोरपाल

4. कक्षा में बच्चे कहाँ बैठते थे?

दरीपट्टी पर

5. उन्हें कक्षा में कैसे बिठाते थे?

नाम के पहले अक्षरों के क्रम के आधार पर

6. मोरपाल के खाने के डिब्बे में क्या होते थे?

छाछ

7. मिहिर के खाने के डिब्बे में क्या होते थे?

राजमा- चावल

8. मिहिर के खाने के डिब्बे में राजमा- चावल देखते ही मोरपाल की बाँछें खिल जाती थीं। क्यों?

राजमा- चावल अमीरों का भोजन है, मोरपाल तो गरीब परिवार का लड़का है।

9. खेल घंटी के समय उनका सौदा क्या था?क्यों ?

खाने की अदला- बदली का। क्योंकि दोनों एक दूसरे का खाना पसंद करते थे। इतना ही नहीं वे दिली दोस्त भी थे।

10. मिहिर की कमज़ोरी क्या है?

छाछ

11. मोरपाल ने पहले राजमा देखा ही नहीं था। कारण क्या है?

मोरपाल की गरीबी

12. मोरपाल कैसे स्कूल आया करता था?

पंद्रह किलोमीटर साइकिल चलाके

13. क्या मिहिर स्कूल जाना पसंद करता था?

नहीं, वह स्कूल जाना पसंद नहीं करता था।

14. "रविवार की छुट्टी का दिन उनके लिए हफ्ते का सबसे बुरा दिन हुआ करता।" ऐसा क्यों कहा गया है?

**अथवा**

मोरपाल बिना नागा क्यों स्कूल चला आता था?

मोरपाल गरीब था। ऐसे बच्चों को छुट्टी के दिन अपने परिवार में कमरतोड़ मेहनत और खेत- मजूरी करने पड़ते थे। स्कूल आते समय ही उन्हें थोड़ा सा आराम मिलता था।

15. मिहिर नीली- खाकी यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता था। क्यों?

मिहिर अमीर होने के कारण उसके पास यूनीफ़ॉर्म से बेहतर कपड़े थे, जिन्हें वह पसंद के अनुसार खरीदता था।

16. "आई एम कलाम" नामक फ़िल्म के निदेशक कौन है?

नील माधव पांडा

17. फ़िल्म के नायक का नाम क्या है?

छोटू ( कलाम )

18. कलाम का सपना क्या था?

स्कूल जाना और "राष्ट्रपति कलाम" सा बनना।

19. छोटू के दोस्त का नाम क्या है?

रणविजय

20. "बाकी निन्यानबे कहानियों को कभी भूलना नहीं चाहिए जो हमारे बचपनों में है।" - लेखक ने ऐसा क्यों कहा है?

**अथवा**

"कलाम" की कहानी सौ में एक की कहानी है। क्यों?

फ़िल्म में कलाम मित्र की मदद से अपना सपना पूरा कर लेता है। लेकिन हमारे समाज में ऐसी घटनाएँ कम ही मिलती हैं। इसलिए ऐसा कहा गया है।

21. "लेकिन छोटू सिर्फ छोटू होकर नहीं जीना चाहता।" - इससे आपने क्या समझा?

ढाणी पर काम करनेवाले बच्चों को छोटू कहकर बुलाते थे। लेकिन हमारे छोटू सिर्फ "छोटू" बनकर जीना नहीं चाहता। उसका सपना यह है कि स्कूल जाना और "राष्ट्रपति कलाम" जैसे बनना। इसके लिए वह सभी मौकाओं का लाभ उठाता है।

22. "कलाम सीखने में तेज़ है।" समर्थन करें।

कलाम ढाणी पर आते विदेशी टूरिस्ट की बोली झट- से सीख लेता है। साथ- साथ और रणविजय से अंग्रेज़ी भी सीख लेता है।

23. "लेकिन कलाम फिर कलाम है।" लेखक के इस प्रस्ताव पर चर्चा करें।

राष्ट्रपति कलाम सदा अपने मूल्यों पर अटल रहते थे। उसी प्रकार छोटू भी। अपने ऊपर चोरी का झूठा आरोप लगाने पर भी वह अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता।

24. पूर्व प्रत्यय के रूप में "हम" का विभिन्न प्रसंगों में प्रयोग

| | | |
|---|---|---|
| हम | हमनाम | समान नामवाला |
| | हमउम्र | समान उम्रवाला |
| | हमवतन | समान देशवाला |
| | हमसफ़र | समान गाड़ी पर ( एक साथ ) यात्रा करनेवाला |
| | हम शक्ल | समान शक्लवाला |
| | हमजोली | समान पदवाला |
| | हमख्याल | समान मतवाला |
| | हमअसर | समान असरवाला |

25. कलाम ने राष्ट्रपति कलाम के नाम पर एक पत्र लिखा। संभावित पत्र लिखें।

- चाय की दुकान का काम
- नाम कलाम रखा
- रणविजय से दोस्ती
- लूसी मैडम का वादा

स्थान

तारीख

माननीय महोदय,

नमस्ते। मेरा नाम छोटू है। मैं ढाणी में काम करता हूँ। स्कूल जाना और आपके जैसे महान बनना मेरा सपना है। इसलिए मैंने अपना नाम खुद कलाम रखा है।

मैं पढ़ना चाहता हूँ। मैं और मेरे जैसे बच्चों की पढ़ाई के लिए आप ही कुछ कर सकते हैं। मैं आपसे विनती करता हूँ कि आप जल्दी इसके लिए उचित कार्यवाही करें।

आपको धन्यवाद।

आपका आभारी

( हस्ताक्षर )

नाम

| |
|---|
| नाम<br>पता |

## 26. सही मिलान करें।

**( क)**

| | |
|---|---|
| इशारा करना | अनुकरण करना |
| दवा करना | संकेत करना |
| तलाशी लेना | चिकित्सा करना |
| नकल करना | जाँच करना |

**उत्तर**

| | |
|---|---|
| इशारा करना | संकेत करना |
| दवा करना | चिकित्सा करना |
| तलाशी लेना | जाँच करना |
| नकल करना | अनुकरण करना |

**( ख)**

| | |
|---|---|
| बाँछें खिल जाना | लेन-देन करना |
| अदला - बदली करना | आकर्षित करना |
| वाहवाही करना | प्रसन्न होना |
| दिल जीत लेना | प्रशंसा करना |

**उत्तर**

| | |
|---|---|
| बाँछें खिल जाना | प्रसन्न होना |
| अदला - बदली करना | लेन-देन करना |
| वाहवाही करना | प्रशंसा करना |
| दिल जीत लेना | आकर्षित करना |

**27. कोष्ठक से उचित शब्द सही स्थान पर रखकर पिरमिड की पूर्ति करें।**

**(1) ( किसी गाँव से, रोज )**

मोरपाल स्कूल आता था।

मोरपाल साइकिल चलाता स्कूल आता था।

---------------------------------------------

----------------------------------------------------------

**उत्तर**

मोरपाल स्कूल आता था।

मोरपाल साइकिल चलाता स्कूल आता था।

मोरपाल किसी गाँव से साइकिल चलाता स्कूल आता था।

मोरपाल किसी गाँव से साइकिल चलाता रोज स्कूल आता था।

**( 2) ( नीली- खाकी , स्कूल की )**

मैं हमेशा चिढ़ा करता ।

मैं यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता ।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

उत्तर

मैं हमेशा चिढ़ा करता ।

मैं यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता ।

मैं स्कूल की यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता ।

मैं स्कूल की नीली- खाकी यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता ।

**( 3 ) ( नायक, चाय की )**

कलाम काम करता है ।

कलाम दुकान में काम करता है ।

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

उत्तर

कलाम काम करता है ।

कलाम दुकान में काम करता है ।

कलाम चाय की दुकान में काम करता है ।

नायक कलाम चाय की दुकान में काम करता है ।

**( 4 ) ( भाटी सा की , चाय की थड़ी पर )**

माँ उसे छोड़ देती है ।

माँ उसे काम करने के लिए छोड़ देती है ।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

माँ उसे छोड़ देती है ।

माँ उसे काम करने के लिए छोड़ देती है ।

माँ उसे चाय की थड़ी पर काम करने के लिए छोड़ देती है ।

माँ उसे भाटी सा की चाय की थड़ी पर काम करने के लिए छोड़ देती है ।

**( 5) (कथा के अंत में , अपनी )**

मंजिल मिलती है ।

कलाम को मंजिल मिलती है ।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

मंजिल मिलती है ।

कलाम को मंजिल मिलती है ।

कलाम को अपनी मंजिल मिलती है ।

कथा के अंत में कलाम को अपनी मंजिल मिलती है ।

**28. मिहिर और मोरपाल के जीवन अनुभवों के आधार पर टिप्पणी लिखें ।**

**हम एक है, पर अलग**

मिहिर संपन्न परिवार का लड़का था । फिर भी गरीब मोरपाल को वह अपना दिली दोस्त मानता था । उसको रोज़ स्कूल जाना पसंद नहीं था । उसके पास अपनी पसंद के बहुत सारे कपड़े थे । उसके लिए स्कूल यूनीफ़ॉर्म बोझ थी । स्कूल में बिताए समय को वह बुरा मानता था ।

मोरपाल गरीब लड़का था । रोज पंद्रह किलोमीटर साइकिल चलाता स्कूल जाता था । उसको अपने घर में कड़ी मेहनत करना पड़ता था । सिर्फ स्कूल के समय ही वह बच्चा बना रह सकता था । छुट्टी का दिन तो उसके लिए सबसे बुरा दिन था । उसका एकमात्र कमीज़ पैंट का नया जोड़ा स्कूल यूनीफ़ॉर्म ही थी ।

यहाँ मोरपाल एक प्रतीक है - पिछड़े लोगों का । समाज की असमानता यहाँ सुव्यक्त है। मोरपाल के समान गरीबी के कारण बाल मजूरी करनेवाले , स्कूली शिक्षा से वंचित बच्चों को, हमें कभी नहीं भूलना चाहिए, हमदर्दी निभानी चाहिए।

**29. कलाम और रणविजय की तुलना**

**( क)**

| **कलाम** | **रणवविजय** |
|---|---|
| गरीब घर का लड़का था। | राजपरिवार का लड़का था। |
| स्कूल जाना सबसे बड़ा सपना था। | स्कूल जाना कतई पसंद नहीं करता था। |
| चाय की दुकान में काम करता था। | अंग्रेज़ी स्कूल का छात्र था। |

(ख)

| **मिहिर** | **मोरपाल** |
|---|---|
| छाछ कमज़ोरी है। | राजमा खास मानता है। |
| स्कूल जाना पसंद नहीं करता। | बिना नागा स्कूल आता है। |
| यूनीफ़ॉर्म पहनना टाला करता है। | शादी में भी यूनीफ़ॉर्म पहनता है। |
| छुट्टी मिलने पर खुश है। | छुट्टी का दिन हफ्ते का सबसे बुरा दिन मानता है। |

**30. "आई एम कलाम" फ़िल्मी लेख के प्रस्तुत अंश के आधार पर पटकथा तैयार करें।**

फ़िल्म में इन दोनों बच्चों की पहली मुलाकात के वक्त के संवाद भी बड़े मज़ेदार है और खास इशारा भी करते हैं।

कलाम : इतनी सारी किताबें ! काए की हैं?

रणविजय: आपको अंग्रेज़ी नहीं आती क्या?

कलाम : तेरे को पेड़ पर चढ़ना आता है?

रणविजय: हमें घोड़े पर चढ़ना आता है। आपको घुड़सवारी आती है?

कलाम : मेरे को ऊँट पर चढ़ना आता है। तेरे को क्या ऊँट की दवा करनी आती है?

इस प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें।

**दृश्य- 1**

स्थान - रणविजय का घर

समय - सबेरे 10 बजे

पात्र -

- कलाम, आयु ग्यारह साल, पुराना कुर्ता और जाँघिया पहना है।

- रणविजय,आयु ग्यारह साल, कीमती कपडे पहना है।

( कलाम, रणविजय के कमरे की सुविधाएँ देखकर हैरान हो जाता है। दोनों बातें कर रहे हैं।)

कलाम : ( आश्चर्य से) इतनी सारी किताबें ! काए की हैं?

रणविजय : आपको अंग्रेजी नहीं आती क्या?

कलाम : तेरे को पेड़ पर चढ़ना आता है?

रणविजय : हमें घोड़े पर चढ़ना आता है। आपको घुड़सवारी आती है?

कलाम : ( गर्व से ) मेरे को ऊँट पर चढ़ना आता है। तेरे को क्या ऊँट की दवा करनी आती है?

रणविजय : क्या हम दोस्त बनें?

कलाम : ( खुशी से ) ज़रूर

( दोनों मित्र खेलते हैं।)

**31.** "हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला- बदली का" - खेल घंटी के समय मिहिर और मोरपाल के बीच का संभावित **वार्तालाप** लिखें।

मिहिर : घंटी बज गई। क्या हम खाना खाएँ ?

मोरपाल : हाँ दोस्त, मुझे भी भूख लगती है।

मिहिर : आज तुम क्या लाए हो?

मोरपाल : मेरे पास सिर्फ छाछ है।

मिहिर : छाछ ! मेरे पास राजमा- चावल है।

मोरपाल : राजमा- चावल ! दिखाओ मुझे। मैं पहली बार देख रहा हूँ।

मिहिर : पहली बार ! हमारे घर में यह रोज़ होता है।

मोरपाल : छाछ और मोटा चावल भी हमारे लिए बड़ा खाना है।

मिहिर : आज तुम यह राजमा- चावल खाओ और मुझे छाछ दो।

मोरपाल : छाछ ! क्या तुम्हें छाछ पसंद है?

मिहिर : हाँ, छाछ मेरी कमज़ोरी है।

मोरपाल : तो हम अदला- बदली करें?

मिहिर : ठीक है।

**32.** चोरी का आरोप लगाने पर छोटू चाय की थड़ी छोड़कर भाग जाता है। अगले दिन के समाचार पत्रों में यह खबर आती है। इसपर **रपट** तैयार करें।

**चोरी का आरोप: बालक लापता**

जैसलमेर: चोरी के आरोप से दुखी बालक छोटू कल से जैसलमेर से लापता हो गया है। छोटू कुछ महीनों से भाटी सा की चाय की दुकान में काम कर रहा था। इसके बीच ढाणी के राणा के बेटे से दोस्ती हो गई थी। उसने छोटू को बहुत सारी चीज़ें भेंट स्वरूप दी थीं। ये देखकर ढाणा के आदमी गलती से उसे चोर समझा था। रणविजय से असलियत जानने पर राणा और उसके आदमी छोटू की खोज में हैं।

**33.** "मोरपाल ने मिहिर के टिफिन बॉक्स में रखे राजमा को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था।" अपनी खुशी वह डायरी में लिखता है। मोरपाल की संभावित **डायरी** लिखें।

तारीख

आज मैं बहुत खुश हूँ ....
पहली बार आज मैंने राजमा-चावल खाया। वह भी मेरे दोस्त की वजह से ...
कितना स्वादिष्ट था...... अब भी मुँह से पानी आ रहा है।
हे भगवान, इतना अच्छा भोजन जीवन में पहली बार खा रहा हूँ।
इतने बड़े घर का लड़का..
कहता है - मेरा छाछ उसकी कमज़ोरी है !
खाने की अदला-बदली कितनी मजेदार है !
मिहिर, तू मेरा कितना अच्छा दोस्त है !
हमारी दोस्ती कभी न मिट जाएँ.....
यही मेरी प्रार्थना है।

**34.** अक्तूबर - 15 " छात्र दिवस"  - राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का जन्म दिन ।
मान लें, उस दिन आपके स्कूल में  नील माधव पांडा की फ़िल्म " आई एम कलाम"  का  प्रदर्शन  होनेवाला है । इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें ।



# सब से बड़ा शो मैन

*(जीवनी-गीत चतुर्वेदी)*

**1. माँ और मैनेजर में बहस क्यों हुआ?**

उः पाँच सालवाले चार्ली को स्टेज पर भेजने को लेकर।

**2. माँ और चैप्लिन के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें।**

उत्तर :

माँ : बेटा, आज तूने कमाल कर दिया।

चैप्लिन : लेकिन मैं खुश नहीं हूँ, माँ।

माँ : क्यों?

चैप्लिन : आपको स्टेज से हटना पड़ा था न?

माँ : छोड़ दो, मैं खुश हूँ, मेरा बेटा आज सबसे बड़ा अभिनेता बन गया।

चैप्लिन : माँ आप मेरे साथ गाना गाएँगी?

माँ : ज़रूर बेटा,

चैप्लिन : कब गाएँगी?

माँ : मैं हमेशा तैयार हूँ।

**3. सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| तब्दील होना | वाद-विवाद करना |
| तारीफ़ करना | परिवर्तित होना |
| बहस करना | हठ करना |
| ज़िद करना | प्रशंसा करना |

उत्तर :

| | |
|---|---|
| तब्दील होना | परिवर्तित होना |
| तारीफ़ करना | प्रशंसा करना |
| बहस करना | वाद-विवाद करना |
| ज़िद करना | हठ करना |

**4. सही वाक्य चुनकर लिखें ।**

लोग चिल्लाने लगे।

लोग चिल्लाने लगी।

लोग चिल्लाने लगा।

उः लोग चिल्लाने लगे।

**5. 'मैनेजर ने पैसों की पोटली माँ के हवाले कर दी'- उस दिन की माँ की 'डायरी' कल्पना करके लिखें।**

***सूचना :***

- चार्ली को स्टेज पर अकेला छोड़ना।
- जैक जोन्स गाना शुरु करना।
- पैसों की बौछार होना।

| 15 अप्रैल, 1894 बुधवार |
|---|
| आज का दिन मैं कैसे भूलूँ....... <br> दुःख और खुशी का दिन ! <br> मेरा बेटा चार्ली आज शो मैन बन गया । <br> मैं तो थिएटर में गा रही थी, अचानक आवाज़ फट गयी । <br> आगे गा न सकी, स्टेज से हटना पड़ा । <br> मैनेजर की ज़बरदस्ती पर चार्ली को स्टेज पर भेजना पड़ा । <br> हे भगवान.... मैं बहुत चिंतित थी..... <br> लेकिन उसने कमाल कर दिया । <br> सबको अपनी प्रतिभा से विस्मित कर दिया । <br> दर्शकों ने तालियाँ बजायीं ....खूब पैसे भी मिले । <br> मेरा प्यारा - सा ... छोटा - सा बेटा.... <br> आगे भी वह शो में चमत्कार करें..... |

**6. 'पैसों की बौछार होना'- मतलब क्या है ?**

उः ज़्यादा पैसा मिलना

**7. 'अभद्र शोर' इसमें विशेषण शब्द कौन-सा है?**

उः अभद्र

**8. 'उसने जन्म ले लिया था' - इसका मतलब क्या है?**

उः आवाज़ फटने से माँ को स्टेज से हटना पड़ा और चार्ली को स्टेज पर लाया गया। छोटे चार्ली ने दर्शकों का मन आकर्षित किया। वह एक कलाकार का उदय था।

**9. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।**

- ♦ आवाज़ फटने से माँ को स्टेज से हटना पड़ा।
- ♦ चार्ली के आने से माँ को स्टेज से हटना पड़ा।
- ♦ मैनेजर के कहने से माँ को स्टेज से हटना पड़ा।

**उः आवाज़ फटने से माँ को स्टेज से हटना पड़ा।**

**10. 'गुद्‌गुदी फैलाना'- का मतलब क्या है?**

(पुलकित करना, पराक्रम करना, गीत गाना)

उः पुलकित करना

**11. 'दुनिया के सबसे बड़ा शो मैन का यह पहला शो था' - इस घटना पर एक रपट तैयार करें।**

उः

**माँ की आवाज फटी, बेटा बना शो मैन**

लंदन: लंदन के प्रसिडेंसी थिएटर में पाँच साल के बच्चे ने स्टेज पर चमत्कार कर दिया। गाते वक्त अपनी माँ की आवाज फटने से चार्ली को स्टेज पर लाया गया। उसने मशहूर गीत "जैक जोन्स" गाया। दर्शकों से बातचीत की, नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी। दर्शकों ने स्टेज पर पैसों की वर्षा की और तालियाँ बजाकर चार्ली की तारीफ़ की। यह पाँचवर्षीय बालक का पहला शो था। लोगों का मत है कि भविष्य में यह बालक एक महान कलाकार बन जाएगा।

**12. निम्नलिखित वाक्यों में से दो सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।**

चार्ली स्टेज पर आया, इसलिए माँ को हटना पड़ा।

माँ की आवाज़ खराब होने के कारण चार्ली को स्टेज पर आना पड़ा।

माँ चार्ली को अभिनय करने केलिए थिएटर ले जाती थी।

चार्ली की शिकायत के कारण मैनेजर को पैसे माँ के हवाले करना पड़ा।

उः माँ की आवाज़ खराब होने के कारण चार्ली को स्टेज पर आना पड़ा।

चार्ली की शिकायत के कारण मैनेजर को पैसे माँ के हवाले करना पड़ा।

**13. सही मिलान करें :**

| | |
|---|---|
| माँ डर गई। | माँ आखिरी बार। |
| चार्ली स्टेज पर अकेला था | पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा। |
| चार्ली स्टेज पर पहली बार आया। | उसने जैक जोन्स गाना शुरू किया। |

उः

| | |
|---|---|
| माँ डर गई। | पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा। |
| चार्ली स्टेज पर अकेला था | उसने जैक जोन्स गाना शुरू किया। |
| चार्ली स्टेज पर पहली बार आया। | माँ आखिरी बार। |

14.कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की।
चार्ली के प्रदर्शन देखकर माँ बहुत खुश थी।
उस दिन की **माँ की डायरी** कल्पना करके लिखें।

| **तारीख** |
|---|
| आज क्या हुआ था!<br>अभी तक विश्वास नहीं हो रहा है।<br>चार्ली होशियार है, लेकिन इतना मैंने सोचा भी नहीं था।<br>मेरा प्यारा बेटा.... उसने आज सबका मन जीत लिया।<br>मेरा गौरव बचा लिया उसने आज।<br>मुझे विश्वास है... आगे वह एक महान कलाकार बन जाएगा।<br>पूरी दुनिया में उसका नाम फैलेगा।<br>हे भगवान... उसकी रक्षा करें..। |

**15. 25 दिसंबर चार्ली चैप्लिन का स्मरण दिवस है ।**

मान लें, इस दिन आपके स्कूल के हिंदी मंच के नेतृत्व में चार्ली के फ़िल्मों का प्रदर्शन होनेवाला है । इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें ।




**16. सबसे बड़ा शो मान** जीवनी के आधार पर **चार** सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

- चार्ली ने स्टेज में जैक जोन्स गाना गाया था ।
- दर्शकों ने चार्ली के शो की तारीफ़ की थी ।
- चार्ली को माँ ने गाने से रोका था ।
- माँ की आवाज़ फटने से चार्ली स्टेज पर आया था ।
- मैनेजर ने चार्ली को शो  के लिए बुलाया था ।
- वह माँ का अंतिम शो था ।

उ:

- चार्ली ने स्टेज में जैक जोन्स गाना गाया था।
- दर्शकों ने चार्ली के शो की तारीफ़ की थी।
- माँ की आवाज़ फटने से चार्ली स्टेज पर आया था।
- वह माँ का अंतिम शो था।

17.**वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें।**

(क) (थिएटर, चार्ली को)

वह ले जाती थी।

वह अकसर ले जाती थी।

.....................................................

...................................................................

**उ:** वह ले जाती थी।

वह अकसर ले जाती थी।

वह अकसर चार्ली को ले जाती थी। / वह अकसर थिएटर ले जाती थी।

वह अकसर चार्ली को थिएटर ले जाती थी।

1

(ख) (जैक जोन्स , मशहूर गीत )

चार्ली ने शुरू किया।

चार्ली ने गाना शुरू किया।

..................................................

...............................................................

उः चार्ली ने शुरू किया।

चार्ली ने गाना शुरू किया।

चार्ली ने मशहूर गीत गाना शुरू किया।/ चार्ली ने जैक जोन्स गाना शुरू किया।

चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरू किया।

(ग) (सबसे बड़े शो मैन का, दुनिया के )

यह शो था।

यह पहला शो था।

..................................................

...............................................................

उः यह शो था।

यह पहला शो था।

यह सबसे बड़े शो मैन का पहला शो था।

यह दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का पहला शो था।